# Advance Care Planning Australia

BE OPEN | BE READY | BE HEARD

FOR SUBSTITUTE DECISION MAKERS

वैकल्पिक निर्णयकर्ता के लिए

HINDI | हिन्दी

## What is advance care planning?

**If you knew someone who became very unwell and was not able to communicate their wishes to others, would you know what they wanted? Could you speak on their behalf?**

Advanced illness or serious injury can sometimes mean that people cannot make their own choices about healthcare. This can happen to people of all ages, and especially towards end of life.

Writing an Advance Care Plan lets a person say what they would want, if they ever became unable to communicate for themselves.

## अग्रिम देखरेख नियोजन क्या होता है?

**यदि आप किसी ऐसे व्यक्ति को जानते/जानती हैं जो बहुत अस्वस्थ हो जाता है और अन्य लोगों को अपनी इच्छाएँ बताने में असक्षम होता है, तो क्या आपको यह जानकारी होगी कि उस व्यक्ति को क्या चाहिए होगा? क्या आप उनकी ओर से बातचीत कर सकते/सकती हैं?**

अधिक विकसित रोग या गंभीर चोट का कभी-कभी यह अर्थ हो सकता है कि लोग स्वास्थ्य-देखरेख से संबंधित अपने खुद के फैसले न ले सकें। ऐसा सभी आयु-वर्ग वाले लोगों के साथ हो सकता है, और विशेषकर जीवन के अंतिम समय में ऐसा हो सकता है।

अग्रिम देखरेख योजना लिखने से किसी व्यक्ति को यह बताने में मदद मिलती है कि उन्हें ऐसी परिस्थिति में क्या चाहिए होगा जब वह खुद से अपने लिए बातचीत करने में असक्षम हों।

## Benefits for you and the people you care for

Advance care planning:

- helps to ensure that someone's preferences, beliefs and values about healthcare are known and can be respected if they are too unwell to speak for themselves
- benefits others who are close to them. Research has shown that families of people who have done advance care planning have less anxiety and stress when asked to be involved in important healthcare decisions.

MAKING HEALTHCARE DECISIONS FOR OTHERS CAN BE DIFFICULT. AN ADVANCE CARE PLAN CAN GIVE PEACE OF MIND AND COMFORT AS PREFERENCES ARE CLEAR, UNDERSTOOD AND RESPECTED.

## आपके और उन लोगों के लिए लाभ जिनकी आप देखरेख करते/करती हैं

अग्रिम देखरेख नियोजन से:

- यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि यदि कोई व्यक्ति इतना अस्वस्थ है कि वह अपनी खुद की बात नहीं बता सकता है, तो उस परिस्थिति में उस व्यक्ति की स्वास्थ्य-देखरेख से संबंधित प्राथमिकताएँ, विचारधाराएँ एवं मान्यताएँ ज्ञात रहती हैं और उनको अहमियत दी जाती है
- उन अन्य लोगों को लाभ मिलता है जो उनके करीब हैं। अनुसंधान ने यह दर्शाया है कि जिन लोगों ने अग्रिम देखरेख नियोजन किया होता है, उनके परिवारों को उस समय कम बैचेनी एवं तनाव का सामना करना पड़ता है जब उनसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य-देखरेख निर्णयों में शामिल होने के लिए कहा जाता है।

दूसरे लोगों के लिए स्वास्थ्य-देखरेख संबंधी निर्णय लेने कठिन हो सकते हैं। अग्रिम देखरेख योजना से मन की शांति और आराम मिल सकता है क्योंकि प्राथमिकताएँ स्पष्ट, समझने योग्य तथा सम्मानित होती हैं।

## What does a substitute decision-maker do?

When a person prepares their Advance Care Plan, they may invite someone to be their substitute decision-maker. If the person loses the ability to make their own healthcare decisions, the substitute decision-maker can then make decisions on their behalf. The Advance Care Plan will provide direction and guidance.

Some state/territory laws may allow for more than one substitute decision-maker to be appointed.

## वैकल्पिक निर्णयकर्ता क्या करता है?

जब कोई व्यक्ति अपनी अग्रिम देखरेख योजना बनाता है, तो वह किसी अन्य व्यक्ति को अपना वैकल्पिक निर्णयकर्ता बनने के लिए आमंत्रित कर सकता है। यदि कोई व्यक्ति अपने खुद के स्वास्थ्य-देखरेख से संबंधित निर्णय लेने की योग्यता खो देता है, तो वैकल्पिक निर्णयकर्ता उनकी ओर से निर्णय ले सकता है। अग्रिम देखरेख योजना इस संबंध में निर्देश और मार्गदर्शन प्रदान करेगी।

हो सकता है कि कुछ राज्यों/टेरेटरियों के कानून एक से अधिक वैकल्पिक निर्णयकर्ता को नियुक्त करने की अनुमति दें।

Advance Care Planning Australia

BE OPEN | BE READY | BE HEARD

## How can a substitute decision-maker help with advance care planning?

It is important to encourage the following when the person is making their Advance Care Plan.

### Be open

- If someone asks you to be their substitute decision-maker, think about what it might mean for you before you agree.

  You will need to be:

  - available (ideally live in the same city or region)
  - over the age of 18
  - prepared to advocate clearly and confidently on their behalf when talking to doctors, other health professionals and family members.
- Encourage them to think about their beliefs, values and preferences for healthcare.
- Encourage them to talk through their preferences with their healthcare team, partner, family members and close friends.

### Be ready

- Talk with them about their values, beliefs, and life goals. Make sure you understand and respect their approach to and preferences for healthcare and end-of-life care.
- If they have beliefs that you are opposed to, be honest with them. Remember that you may be called upon to advocate for them. If your beliefs are too different, it may be better for them to choose someone else.
- Talk about any potential issues that may arise with family members or partners who have very different views. How will you cope with any disagreement that could arise? Have they been made aware of the person's wishes? Do they know you are the substitute decision-maker?
- If you agree to be a substitute decision-maker, discuss whether they want you to be legally appointed. More information is available from www.advancecareplanning.org.au

## वैकल्पिक निर्णयकर्ता अग्रिम देखरेख नियोजन में कैसे मदद कर सकता है?

जब कोई व्यक्ति अपनी अग्रिम देखरेख योजना बना रहा हो, तो निम्नलिखित को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण होता है।

### खुल कर बातचीत करें

- यदि कोई व्यक्ति आपसे अपना वैकल्पिक निर्णयकर्ता बनने के लिए कहता है, तो इसकी सहमति देने से पहले सोचें कि इसका आपके लिए क्या अर्थ हो सकता है।

  आपके लिए यह आवश्यक है कि:

  - आप आसानी से उपलब्ध हो (आदर्शत: उसी शहर या क्षेत्र में रहते हों)
  - आपकी आयु 18 साल से अधिक हो
  - डॉक्टरों, अन्य स्वास्थ्य व्यवसायियों तथा परिवार के सदस्यों से बातचीत करते समय उनकी ओर से स्पष्ट और गोपनीय पक्ष रखने के लिए तैयार रहें।
- उन्हें स्वास्थ्य-देखरेख के लिए अपनी विचारधाराओं, मान्यताओं एवं प्राथमिकताओं के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करें।
- उन्हें बढ़ावा दें कि वह अपनी स्वास्थ्य-देखरेख टीम, उनके पार्टनर (सहजीवी), परिवार के सदस्यों और करीबी मित्रों के साथ अपनी प्राथमिकताओं के बारे में बातचीत करें।

### तैयार रहें

- उनकी मान्यताओं, विचारधाराओं एवं उनके जीवन के लक्ष्यों के बारे में उनसे बात करें। यह सुनिश्चित करें कि आप स्वास्थ्य-देखरेख तथा जीवन के अंत की देखरेख के लिए उनकी विधि और प्राथमिकताओं को समझते/समझती हैं और इनका सम्मान करते/करती हैं।
- यदि उनकी कोई ऐसी विचारधाराएँ हैं जिनका आप विरोध करते/करती हैं तो उन्हें यह साफ-साफ बताएँ। याद रखें कि आपको उनका पक्षसमर्थन करने के लिए कहा जा सकता है। यदि आपकी विचारधाराएँ बहुत अलग हैं, तो हो सकता है कि उनके लिए किसी अन्य व्यक्ति का चयन करना एक बेहतर विकल्प हो।
- यदि परिवार के किन्हीं सदस्यों या पार्टनर (सहजीवी) के विचार बहुत अलग हों, तो ऐसी परिस्थिति में उत्पन्न होने वाली किन्हीं संभावी समस्याओं के बारे में बात करें। यदि कोई असहमति होती है तो आप इससे कैसे निपटेंगे? क्या उन्हें व्यक्ति की इच्छाओं की जानकारी दी गई है? क्या वह जानते/जानती हैं कि आप वैकल्पिक निर्णयकर्ता हैं?
- यदि आप वैकल्पिक निर्णयकर्ता बनने की सहमति देते/देती हैं, तो यह चर्चा करें कि क्या वह आपको कानूनी रूप से नियुक्त करना चाहते हैं या नहीं। और अधिक जानकारी www.advancecareplanning.org.au पर उपलब्ध है।

# Advance Care Planning Australia

BE OPEN | BE READY | BE HEARD

## Be heard

- Encourage the person to write an Advance Care Plan/Directive. For information relevant to state/territory law see advancecareplanning.org.au. The GP or healthcare team will be able to assist them.
- A written Advance Care Plan/Directive will make things easier for you, as substitute decision-maker, if the need ever arises.
- Ask for a copy of the Advance Care Plan/Directive and keep it safe. Familiarise yourself with the person's wishes and ask them to explain anything that isn't clear.
- Encourage them to review their Advance Care Plan every year or if there is a change in their health or personal situation.
- Help them to load their Advance Care Plan/Directive onto their 'My Health Record' myhealthrecord.gov.au

## अपने विचार प्रकट करें

- व्यक्ति को अग्रिम देखरेख योजना/निर्देश लिखने के लिए बढ़ावा दें। राज्य/टेरेटरी के कानून से संबंधित जानकारी के लिए advancecareplanning.org.au देखें। GP या स्वास्थ्य-देखरेख टीम उनकी मदद करने में सक्षम होगी।
- लिखित अग्रिम देखरेख योजना/निर्देश के कारण एक वैकल्पिक निर्णयकर्ता के रूप में, ज़रूरत पड़ने पर, आपका काम आसान हो जाएगा।
- अग्रिम देखरेख योजना/निर्देश की प्रति माँगें और इसे सुरक्षित रखें। खुद को व्यक्ति की इच्छाओं से परिचित करें और यदि कुछ अस्पष्ट हो तो उनसे इसकी व्याख्या करने के लिए कहें।
- उन्हें बढ़ावा दें कि वे हर साल अपनी अग्रिम देखरेख योजना की समीक्षा करें या यह देखें कि क्या उनकी स्वास्थ्य अथवा निजी परिस्थिति में कोई बदलाव हुआ है या नहीं।
- उनकी अग्रिम देखरेख योजना/निर्देश उनके 'My Health Record' (मेरा स्वास्थ्य रिकॉर्ड) myhealthrecord.gov.au में लोड करने में उनकी मदद करें।

## The law and advance care planning

Different states and territories in Australia have different laws regarding advance care planning. There are also common law decisions in advance care planning in some states/territories.

See advancecareplanning.org.au for information.

Depending on the state/territory:

- a **substitute decision-maker** may be legally appointed as an 'agent', 'guardian', 'enduring guardian'or 'enduring power of attorney'
- an **Advance Care Plan** may also be called an 'advance care directive' or an 'advance health directive' and may include a 'refusal of treatment certificate'.

## कानून और अग्रिम देखरेख नियोजन

ऑस्ट्रेलिया में अलग-अलग राज्यों एवं टेरेटरियों के अग्रिम देखरेख नियोजन से संबंधित अलग-अलग कानून हैं। कुछ राज्यों/टेरेटरियों में अग्रिम देखरेख नियोजन से संबंधित कुछ कानूनी निर्णय सामान्य भी होते हैं।

जानकारी के लिए advancecareplanning.org.au देखें।

राज्य/टेरेटरी पर निर्भर करते हुए:

- **वैकल्पिक निर्णय-कर्ता** को कानूनी तौर पर 'एजेंट', 'संरक्षक', 'स्थायी संरक्षक' या 'स्थायी मुख्तारनामे' के तौर पर नियुक्त किया जा सकता है
- **अग्रिम देखरेख योजना** को 'अग्रिम देखरेख निर्देश' या 'अग्रिम स्वास्थ्य निर्देश' भी कहा जा सकता है और इसमें 'उपचार से इंकार करने का प्रमाण-पत्र' भी शामिल हो सकता है।

Advance Care Planning Australia
BE OPEN | BE READY | BE HEARD

## Do you have questions about advance care planning and would prefer to speak in a language other than English?

You can receive help from an interpreter for the cost of a local call (except from mobiles) by simply following these steps:

1. Call 13 14 50, Monday to Friday 9.00-5.00pm.
2. Say the language you need.
3. Wait on the line for an interpreter (may take up to 3 minutes).
4. Ask the interpreter to contact Advance Care Planning Australia on 1300 208 582.
5. Talk with our staff or volunteer with the help of an interpreter.

## Where can I get more information?

Advance Care Planning Australia:

www.advancecareplanning.org.au

**National Advisory Helpline: 1300 208 582**

## क्या अग्रिम देखरेख नियोजन के बारे में आपके कोई सवाल हैं और क्या आप अंग्रेज़ी के अलावा किसी अन्य भाषा में बात करना पसंद करेंगे?

आप बस निम्नलिखित चरणों का प्रयोग करके लोकल कॉल की लागत पर किसी दुभाषिए से मदद प्राप्त कर सकते हैं (मोबाइल से की गई कॉल्स को छोड़कर):

1. 13 14 50 पर फोन करें, सोमवार से शुक्रवार सुबह 9.00 बजे से लेकर शाम 5.00 बजे के बीच।
2. जिस भाषा की आपको आवश्यकता है उसका नाम लें।
3. दुभाषिए का इंतज़ार करने के लिए लाइन पर बने रहें (इसमें 3 मिनट तक का समय लग सकता है)।
4. दुभाषिए से Advance Care Planning Australia को 1300 208 582 पर संपर्क करने के लिए कहें।
5. किसी दुभाषिए की मदद से हमारे कर्मचारियों या स्वयंसेवी से बात करें।

## मुझे और अधिक जानकारी कहाँ से मिल सकती है?

Advance Care Planning Australia:

www.advancecareplanning.org.au

**National Advisory Helpline (राष्ट्रीय परामर्शी सहायता सेवा): 1300 208 582**

VERSION 3: APR 2017

This publication only provides a general summary of the subject matter covered. People should seek professional advice about their specific circumstances. ACPA is not liable for any errors or omission in this publication.

संस्करण 3: अप्रैल 2017

यह प्रकाशन केवल इसमें शामिल विषय-वस्तु का सामान्य सारांश ही प्रदान करता है। लोगों को अपनी विशिष्ट परिस्थितियों के लिए व्यावसायिक सलाह लेनी चाहिए। ACPA इस प्रकाशन में किसी त्रुटि या छूट के लिए उत्तरदायी नहीं है।